Sir, I will request the hon. Minister to recall one incident which happened during our freedom struggle. There was a conflict between the upper classes and the depressed classes. And, the British rulers offered communal awards, and against this decision, Mahatma Gandhi had to go on fast unto death. And, the result was the Pune Act. So, this conflict between the exploited and the exploiters; between the upper classes and the lower classes has not come to an end. It has not come to an end, and opportunities have to be opened up for these grass-root people. There is the fifth caste also, I have not mentioned it. It is considered as an outcaste. The *Dalits* have so far remained out of the ambit of the judiciary. We have to see how this facility could be extended to them. That point has to be taken into account. What are the problems faced by these people? The problem is, there is lack of information. They don't understand that they have rights of judiciary. They are not aware, as yet, of their right to judiciary; where to go and whom to approach. They don't know that. In the Bill, I don't find any clause or any mechanism which shows that this message of justice could reach the doorsteps of those people. There is no mechanism. I will urge upon the hon. Minister to keep a provision for it. And, while framing the rules, some provision should be made covering this. Gram Panchayat is the best instrument for fulfilling the task of this message and to provide these rights to the grass-root people. So, in some way, the Gram Panchayats may be attached to this system. The Gram Panchayat is the best place for this.

The other problem is the monetary problem. Heavy expenditure is incurred for hiring lawyers and for travelling from their place of residence to the Nyayalaya's office. If they are called on different dates frequently, they have to travel frequently. They have to incur this burdensome expenditure, and this is the reason why these people are not able to take advantage of their judicial rights. Sir, I was going through a journal called 'Mint'; it is a Wall Street journal. They have conducted a survey on the status of Indian judiciary and they had surveyed over 14,000 accused and complainants.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Sarkar, how much more time will you take? Your Party's time is over.

SHRI MATILAL SARKAR: Sir, I shall take three or four minutes more.

So, the result of the survey is that in 59 per cent of cases, they gave bribes to the lawyers, in three per cent cases, to the judges and in 13 per cent cases, to the judiciary officials. This information is given in the journal, Mint, which is a result of their survey. If this be the position — अरुण जेटली जी अभी यहाँ पर नहीं हैं। हम उनसे पूछते what would be his charges; hon. Minister, Bhardwaj *ji*, is now the Minister. So, his charges are beyond the reach of the common people. For this reason, to this date, they are unable to enjoy the facilities provided to them.

Sir, I now come to my last point. As the hon. Minister and Members here are aware, dalits, the downtrodden and weaker sections of the people, live in villages in clusters. These tribal and downtrodden sections have evolved among themselves a traditional system of judiciary. They do not bother about courts. They are even afraid of the courts, and so, they have evolved a system

of their own. I have myself witnessed this. When somebody is insulted or attacked, they go to the village leader. The village leader asks them to convene a meeting. A meeting of the leaders, the rank and file, is held in an open courtyard, and there the argument goes on. The complainant says what he has to say; the accused give answers and the argument goes on. If there is a deviation from the truth, the rank and file present there tells the person that he has not spoken the truth and asks him to come out with the truth. In the courts, it takes months together for truth to come out, but in a meeting among villages in an open courtyard, truth comes out in one single meeting and judgement is delivered by the jury formed by the villagers. What I mean to say, Sir, is that there is freedom of speech; there is an understanding among the villagers and a system is evolved with ease. Can the Gram Nyayalayas come up to that level? Here there is the Nyayadhikari. People are afraid of the court and its environment. Whenever they go to the court, they see some lofty persons coming there and get puzzled with their postures and gestures, the court system, bars and so on. But in the villages they do not get puzzled. So, I do not know whether these Gram Nyayalayas can reach up to that level. Sir, there are lakhs and crores of educated youth in our country. Will the hon. Minister frame one condensed course, distribute handbooks of law, practical books and impart training in a course of one year or six months so that we can train educated youths of the villages? Hundreds of youths would rush for it. He is known to the villages. Since he is known to the villages, he has got free access. By this way, the situation will be easy for them and they can take the benefits of this judiciary system. I am hopeful that the hon. Minister will try to make an orientation programme in that way, and the true spirit of this Bill will reach its destination.

**प्रो. राम गोपाल यादव** (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद, उपसभापति जी। मैं सबसे पहले तो माननीय विधि मंत्री जी को धन्यवाद और बधाई देना चाहूंगा जिन्होंने सस्ता व सुलभ न्याय आम आदमी तक और गांव-गांव तक पहुंचाने का काम किया है। महोदय, आज स्थिति ऐसी हो गयी है कि एक गरीब आदमी को भी वकील कर के शहर, हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ता है, जिससे अब उसे राहत मिली है।

उपसभापति जी, हमारे यहां तो पंच परमेश्वर के न्याय की अवधारणा थी जिसे हमारे विधि मंत्री जी ने बहुत ही साइंटिफिक और लॉजिकल बनाने का काम किया है। इसके लिए मंत्री जी आप बधाई के पात्र हैं। साथ ही स्थानीय भाषाओं, क्षेत्रीय भाषाओं में न्याय दिलाने के लिए जो प्रावधान किए गए हैं, वे और भी प्रशंसनीय हैं। महोदय, बहुत बार ऐसा होता है कि बिना पढ़ा-लिखा आदमी भी मुकदमा लड़ता है। उसका वकील कोर्ट में अंग्रेजी में बहस करता है, लेकिन क्लाइंट को यह नहीं मालूम होता कि उसका वकील उसके पक्ष में बोल रहा है या विपक्ष में बोल रहा है। महोदय, हमारे यहां एक बार चकबंदी के मुकदमों में एक ऐसा मामला आ गया जिसमें एक बिना पढ़े-लिखे आदमी के खिलाफ फैसला हो गया। लोगों ने उसे कहा कि तुम्हारा वकील अंग्रेजी ठीक नहीं बोल सकता था, इसलिए तुम्हारे खिलाफ फैसला हो गया। फिर वह इटावा की कचहरी गया और वहां पहले नंबर पर बैठे वकील साहब से पूछा कि कोई ऐसा वकील बताइए जो अच्छी अंग्रेजी बोलता था। वह वकील मेरे मित्र थे, उन्होंने एक वकील का नाम ले दिया। उन्होंने एक ऐसे वकील का नाम ले दिया जिनका pronunciation किसी की समझ में नहीं आता था। वह उन वकील को लेकर गया और उन्होंने बहस की। वहां जो Assistant Consolidation Officer था, वह समझ नहीं पा रहा था कि वकील साहब क्या कह रहे हैं। उसकी समझ में एक शब्द restoration आया। वह फैसला एक्स-पार्टी हो गया था, तो वह restore करने का मामला था। उस ऑफिसर को restoration समझ में आया और उसने उसे restore कर दिया। फिर वह client

ए.सी.ओ. के पास गया और उनसे कहा अब बोलो, बहुत अंग्रेजी बोलते थे। मेरा वकील अंग्रेजी बोलने आया है। महोदय, यह हमारे गांव के पास एक जसवंत नगर constitutency का मामला है।

महोदय, यह स्थिति है कि छोटे शहर या कस्बों में लोग अंग्रेजी समझ ही नहीं पाते। इस विषय में हमारे सांसद श्री नन्द किशोर यादव जी भी बोलेंगे, लेकिन मैं माननीय कानून मंत्री जी को बधाई देने के लिए बोलना चाहता था कि वह आम लोगों को सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने के लिए इस विधेयक को लाए। इसमें ऐसे प्रोविजन्स हो सकते हैं, जिनसे थोड़ी-बहुत अड़चन आए, क्योंकि प्रेक्टीकली जब कानून अमल में लाए जाते हैं, तो उनमें दिक्कतें भी हो सकती हैं, लेकिन बाद में कभी, that is open to correction, अमेंडमेंट हो सकता है। ओवर-ऑल यह एक बहुत अच्छा प्रयास है। माननीय कानून मंत्री जी, आपके मन में जो गांव और गरीब के प्रति उदारता है, उसके लिए धन्यवाद।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बिल का पूरा समर्थन करता हूँ।

**श्री शिवानन्द तिवारी** (बिहार): उपसभापति महोदय, यह जो बिल सदन के सामने पेश हुआ है, इसका जो मकसद इसकी भूमिका में बताया गया है, उसको पढ़ने के बाद मुझे लगता है कि इस बिल का कोई विरोध करेगा, इसकी संभावना नहीं है। इसके मकसद में बताया गया है—.."access to justice to the citizens at their doorsteps and to ensure that opportunities for securing justice are not denied to any citizen..." अब इस मकसद से किसका विरोध हो सकता है? मैं यह मानता हूँ कि जिस तरह से फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेसन एक नागरिक का फंडामेंटल राइट है, उसी तरह से इंसाफ पाना भी हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन मुझे इस बात की गंभीर आशंका है, जैसा मेरा अनुभव है, उसके आधार पर ऐसा लगता है कि हमारे यहां जो जुडिशियल सिस्टम है, न्यायिक व्यवस्था है, उस न्यायिक व्यवस्था में अधिकांश मामलों में इंसाफ नहीं मिल पाता है। कहीं-कहीं ऐसा इक्का-दुक्का मामला आ जाता है, जिसके बारे में अखबारों में सुर्खियों में खबर छपती है कि इंसाफ के मामले में एक क्रांतिकारी फैसला हुआ है, लेकिन इन-जनरल देखा जाए, तो हमारे यहां जुडिशियल सिस्टम में इंसाफ नहीं मिलता है। जो साधारण आदमी है, उसको तो इंसाफ मिलने का सवाल ही नहीं है। जो समाज के बड़े-बड़े लोग हैं, वे हमारे जुडिशियल सिस्टम को मैनुपुलेट करके इंसाफ के साथ किस तरह से बेइमानी और धोखाधड़ी करते हैं, इसको भी हम सब लोग जानते हैं।

उपसभापति महोदय, अभी हम देख रहे थे कि हैदराबाद में चारमीनार के पास आतंकवादियों के द्वारा बम-विस्फोट हुआ था और कई लोग उस मामले में पकड़े गए, लेकिन पुलिस उनका अपराध साबित नहीं कर पाई। न्यायालय ने उन्हें बरी कर दिया, निर्दोष साबित कर दिया, लेकिन उनको जो जेल में रहना पड़ा, उससे उनको जो माली नुकसान हुआ, उनकी प्रतिष्ठा को जो हानि पहुंची, उन पर जो दाग पड़ा, उसके बारे में जो एक-दो अभियुक्त थे, जो एक्यूज्ड थे, जो निर्दोष होकर रिहा हुए, उनका स्टेटमेंट मैं पढ़ रहा था। उनकी नौकरी चली गई, आज उनको कोई अपना घर, कोई अपना मकान देने के लिए तैयार नहीं है, इसलिए कि यह आतंकवादी है। ऐसा जुडिशियल सिस्टम में होता है। आपने बरी तो कर दिया, एक ढंग से आप यह कह सकते हैं कि उनको इंसाफ मिल गया, लेकिन क्या वाकई उस मामले में अभियुक्त होने के बाद उनकी समाज में जो हालत हुई है, कैसे आप कह सकते हैं कि उनको इंसाफ मिला? उनके साथ जो बेइंसाफी हुई इस जुडिशियल सिस्टम में, इस न्यायिक व्यवस्था में, उसको आप कैसे कंपनसेट कर रहे हैं? इसलिए हमको ऐसा लगता है कि हमारे यहां जो जुडिशियल सिस्टम है, उसमें इतनी कमी है कि उसमें सामान्य आदमी को इंसाफ नहीं मिल पाता है।

**[उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र) पीठासीन हुए]**

महोदय, यह जो बिल है, जिसके जरिए यह दावा किया जा रहा है कि जो आशक्त लोग हैं, जो कमजोर लोग हैं, किन्हीं कारणों से आज जो हमारे जुडिशियल सिस्टम का इंफ्रास्ट्रक्चर है उसका दरवाजा नहीं

खटखटा सकते हैं, उनके लिए यह न्याय व्यवस्था उनके दरवाजे पर जाएगी और उनको न्याय देगी, लेकिन आप इस पूरे बिल को पढ़िए तो ऐसा लगता है कि हमारा जो एगजिस्टिंग जुडिशियल सिस्टम है वह उसी का एक्सटेंशन है, उसी का यह विस्तार है, सारी की सारी व्यवस्था उसी तरह की है। यह जो जुडिशियल सिस्टम है, जिसके बारे में मैंने कहा, यह इंसाफ देने में असमर्थ है, तो इसको एक्सटेंड करके आप कैसे इससे अपेक्षा कर सकते हैं कि यह जुडिशियल सिस्टम इंसाफ देगा?

महोदय, जो राजीव गांधी जी का नाम लिया जाता है। कम से कम उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को संविधान में शामिल किया, जिसको 74वां या 75वां संशोधन कहते हैं, यानी पंचायती राज को संवैधानिक स्टेट्स मिला। उसमें आपने सरपंच की, पंच की व्यवस्था की है और जो कानून बने हैं, उससे उनको न्यायिक अधिकार मिले हैं। उसके जो कानून बने हैं, उनमें भी उसको अधिकार है, न्यायिक अधिकार है। मैं बिहार का रहने वाला हूँ। मैं अपने तजुर्बे के आधार पर बता सकता हूँ कि कई जगह ऐसे-ऐसे सरपंच हैं- मुजफ्फरपुर में एक महिला है, जिसका नाम मैं भूल रहा हूँ, इस बात का मुझे अफसोस है। अखबारों में एक खबर छपी थी कि जब से वह सरपंच बनी है, एक भी मामला पुलिस थाने में नहीं गया है। उस सरपंच के प्रयास से स्थानीय स्तर पर ही मामला निपट जाता है। महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूँ कि अभी एक-डेढ़ महीने पहले की बात है। पटना शहर के किनारे एक ग्राम-पंचायत है, वहाँ हमको जाने का मौका मिला था। उस पंचायत की जो सरपंच है, वह पिछड़ी जाति की एक महिला है। कार्यक्रम के बाद हम उसके घर चाय पीने गये। हमें पता लगा कि वह सरपंच है। हमने उससे पूछताछ शुरू की कि तुम क्या काम कर रही हो, कैसा काम कर रही हो और कैसा तजुर्बा है? उसने हमें बताया कि उसने लगभग एक सौ मामलों का फैसला किया है। उनमें कई मामले ऐसे हैं जो पति-पत्नी के झगड़े के हैं जिन्हें पंचायत करके उसने निपटा दिया। कई मामले किरायेदार के हैं, परिवार के अंदर बंटवारे के हैं, जिन्हें उसने सुलझाया। हमें आश्चर्य हो रहा है कि एक तरफ आपने जो त्रिस्तरीय पंचायत की व्यवस्था की है, पंचायती राज को इस देश में आपने लागू किया है, उसके अंदर जो न्याय का प्रावधान है, उसको बगैर एक्सप्लोर किये हुए, उसको ताकतवर बनाने के बजाए आप और हम जो सार्वजनिक जीवन के आदमी हैं, उनको इस बात का तजुर्बा है कि निचले स्तर पर हमारे यहाँ जो न्याय व्यवस्था है, उसमें कितना भ्रष्टाचार है, कितनी लूट है!

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमें बिपिन चन्द्र पाल जी की याद आ रही है। लाल-बाल-पाल स्वतंत्रता आंदोलन के काफी नामी लोग थे। मैं बिपिन चन्द्र पाल जी की ऑटोबायोग्राफी पढ़ रहा था। 1936 या 1938 में वह ऑटोबायोग्राफी छपी थी। जब अंग्रेजों ने ज्यूडिशियल सिस्टम को इस देश में लागू करना शुरू किया तो बंगाल में इसके खिलाफ भारी आंदोलन हुआ था। लोगों को लग रहा था कि यह इतना पेचीदा सिस्टम है कि हमें इसमें न्याय नहीं मिल पायेगा। हाँ, हमारे पंचायत की जो पुरानी व्यवस्था थी, पंच-परमेश्वर वाली बात थी। प्रेमचंद की कहानी "पंच परमेश्वर" को कौन नहीं जानता है। हमारे समाज में जो जाति व्यवस्था है, उस जाति व्यवस्था के कारण निचले पायदान पर जो लोग थे, शायद उनको जस्टिस नहीं मिलता था। लेकिन स्थानीय स्तर पर जो मामला है, चाहे वह सिविल का मामला हो या क्रिमिनल का मामला हो, इसको पंचायती राज व्यवस्था से चुनकर जो लोग आये हुए हैं, उनको हर स्थान की जानकारी रहती है कि कौन दोषी है और कौन निर्दोष है। इसलिए हमें ऐसा लगता है कि यह जो बिल है, जो मौजूदा हमारे यहाँ न्याय व्यवस्था है, उसको विस्तारित करने का इसमें प्रावधान है। हमें नहीं लगता है कि मौजूदा न्याय व्यवस्था सामान्य आदमी को न्याय दे पाएगी। इसमें भी मजिस्ट्रेट है, इसमें भी वकील है, इसमें भी सब को डेट लेने की सुविधा रहेगी, तो हम कैसे अपेक्षा करें? इसलिए हमें आश्चर्य है कि जिस राजीव गांधी के नाम की दुहाई सत्ताधारी दल के लोग और माननीय विधि मंत्री देते हैं, उन्होंने जो पंचायती राज व्यवस्था को संविधान में स्थान दिया और उस पंचायती राज व्यवस्था में न्याय की जो व्यवस्था है, उस व्यवस्था को मजबूत करने, ताकत देने, उसको सक्षम बनाने के बदले जो मौजूदा न्यायिक व्यवस्था है, आप उसी का विस्तार करने जा रहे हैं। इसलिए, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करूंगा कि वह इस बिल को वापस लें तथा जो पंचायती राज व्यवस्था है, उस राज व्यवस्था में जिस न्यायिक प्रणाली की कल्पना की गई है, उसको ताकतवर और मजबूत बनाने की कृपा करें। इसी अनुरोध के साथ आपको धन्यवाद देते हुए मैं अपनी बात खत्म करता हूँ।

DR. JANARDHAN WAGHMARE (Maharashtra): Sir, I rise to support the Gram Nyayalayas Bill, 2008. At the very outset, I thank the hon. Minister who has brought forth this Bill in this House. Sir, this is a milestone in the history of judicial system of India. It is a historical Bill, I should say. You know, a few years ago, we passed 93rd Amendment to the Constitution, and through that Amendment, Panchayati-raj has come into existence. This is a revolutionary step, a historical step indeed. After that, this particular Bill is another milestone. Now, through this legislation, we are taking justice to the doorsteps of the people living in villages. That is why it is very important. We are not simply strengthening the judicial system; we are strengthening democracy itself. People will now get justice at their doors. There are a number of cases, thousands and crores, pending in the courts. "Justice delayed is justice denied". This is what we hear very often. Let us hope that these Gram Nyayalayas will certainly give justice in short time. Let us hope that there would be no delays at all. At the same time, justice has become very expensive. Poor people cannot afford to go to the courts in *taluka* places or district places. Now, this mobile court is a very revolutionary idea. These courts will go to each and every village wherever there are cases and, that is why, in a way, we are fulfilling the dream of Mahatma Gandhi. It may not be the same concept which *Gandhiji* had. Gandhi*ji* wanted to have Gram Panchayats. But, Panchayats, of course, have Executive function. It is the cardinal principle of our own legislation that there is separation of powers. So, that is why, Gram Panchayats are not having judiciary power in the village. These courts will be different. They will be independent and they will deal with the cases independently. I do not have much to say about this because elaborate suggestions have been given. I have a few suggestions. Litigation in villages is increasing. It is on the increase. Villages are divided on caste lines, on communal lines, even on political party lines. Villages are divided against themselves. So, there are conflicts and conflicts and conflicts in the village life. These courts perhaps will be reconciling that. There is a provision in this particular legislation that reconciliation will be done. This is a very good step. If some reconciliation is made between the parties, satisfactory answer will come. No particular piece of legislation is perfect. This legislation also cannot be perfect. Once it is implemented, we will come to know what are the difficulties, what are the hurdles, in the way and later on there would be amendments. But, speedy justice has to be given to the people. We have fast track courts; we have special courts; we have *lok adalats*; we have tribunals and now we are going to have these Gram Nyayalayas. *(Time-bell).* That is why I welcome it. The only request is that we should make a specific mention in the particular section that now pronouncements would be in the regional languages because common people cannot understand if judgements are delivered in English. They may argue in their own languages in the courts. Even their lawyers can argue in any language. But, the verdict itself should be written in the regional languages. This is one suggestion that I would like to make. Thank you very much.

**श्री ललित किशोर चतुर्वेदी** (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय यह ग्राम न्यायालय विधेयक इस सदन में लाए हैं और हमसे आशा करते हैं कि हम इसको पारित करें। कई माननीय सदस्यों ने इस पर चर्चा करते हुए मंत्री महोदय को बधाई भी दी है और उन्हें सराहा भी है। मैं एक अलग दृष्टिकोण से आपके सामने कुछ बातें प्रस्तुत करना चाहता हूं। इस विधेयक के उद्देश्यों में ग्राम स्तर पर न्याय सस्ते और सुलभ तरीके से उपलब्ध हो, इसका वर्णन किया गया है। इस उद्देश्य से किसी की भी असहमति नहीं हो सकती है, किंतु मेरा निवेदन यह है कि जो विधेयक आप लाए हैं, उसमें अदालतें, गांवों में चली जाएंगी, इतना कह देने मात्र से या करने से क्या सस्ता और सुलभ न्याय, गांवों के व्यक्तियों को मिल सकेगा? यहां प्रश्न यह है कि क्या प्रक्रियाएं अपनाई जाती हैं। मुझे यह कहते हुए खेद है कि हम इस ग्राम न्यायालय विधेयक, 2008 पर चर्चा कर रहे हैं, लेकिन इसका उद्देश्य पावन होते हुए भी, उस पावन उद्देश्य की पूर्ति इस विधेयक से नहीं हो सकती है। जो न्याय व्यवस्था आज तक चली आ रही है, वह घिसी-पिटी है, उस पर नया कलेवर चढ़ाकर क्या आप सस्ता और सुलभ न्याय प्राप्त करा देंगे? चाहे आप कितना ही क्रांतिकारी कदम उठा लीजिए, किंतु मेरा कहना है कि इससे उस उद्देश्य की पूर्ति बिल्कुल नहीं हो सकेगी।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस विधेयक की मूल अवधारणा यह है कि मुकदमों से संबंधित पक्षकार, न्याय केन्द्र पर जाने के बजाय संविद पक्षकारों के बीच में जाएगा। मैं माननीय मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि सस्ता और सुलभ न्याय मुहैया कराने का जो उद्देश्य है, उसकी बात आपने कही है, किंतु क्या इससे मुकदमों की संख्या कम हो जाएगी, क्या इससे मुकदमों के speedy trial and disposal में कोई सुविधा होने वाली है? अदालतें वही होंगी, प्रक्रिया वही होगी, उन्हीं वकीलों के माध्यम से प्रस्तुत कार्यवाही चलती रहेगी, time passing के लिए adjournments लिए जाते रहेंगे। मैं माननीय मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि यह सस्ता और सुलभ न्याय मुहैया कराने की दृष्टि से जिन तीन-चार बातों की मैंने चर्चा की है, इसके बारे में उनकी क्या राय है? ऐसे मुकदमे भी होते हैं, जिनके motives होते हैं, यह तो केवल window dressing की जा रही है। मंत्री महोदय से मेरा निवेदन है कि यह व्यर्थ की कवायद है, जिसे आप कर रहे हैं, कृपया आप इस पर गंभीरता से विचार करिए। यह सरकार का अंतिम वर्ष है, हम अंतिम सत्र में बैठे हैं। शायद यह भ्रांत धारणा पैदा करने के लिए कि हम ग्रामीण जनता के हितैषी हैं, इसलिए हम सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध करा रहे हैं और इसकी चर्चा क्रांति कदम के नाते की गई है, बड़ी वाहवाही की गई है, लेकिन कहीं यह वोट बटोरने की exercise तो नहीं है, इस पर भी निश्चित रूप से विचार किया जाना चाहिए। ग्रामीण न्याय की व्यवस्था क्या हो, कैसी हो, इस पर हमें विचार करना चाहिए। वास्तव में न्याय देने के लिए उस व्यवस्था की अत्यंत आवश्यकता है। मुझे एक प्रसिद्ध न्यायविद का कथन याद आता है, जो उन्होंने 60 वर्ष पहले कहा था कि वे कोर्ट ऑफ जस्टिस होने का दंभ नहीं करते, वे केवल कोर्ट ऑफ जुडिकेचर हैं। क्या मंत्री महोदय यह समझाने की कृपा करेंगे कि सस्ते और सुलभ न्याय की दृष्टि से केवल मात्र judicature होकर जो मंतव्य उन्होंने 60 वर्ष पूर्व प्रकट किया, उस बात की प्रतिक्रिया की जाएगी। मेरा तो निवेदन है कि इस विधेयक को लाने के बजाए इस प्रकार का तंत्र खड़ा किया जाता, जिससे विवादों का निर्णय स्थानीय स्तर पर हो जाता, माननीय मंत्री महोदय ने खुद चर्चा की है। मैं माननीय मंत्री महोदय को याद दिलाना चाहता हूँ कि आज से तीन साल पूर्व जब तत्कालीन माननीय राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम मध्य प्रदेश के प्रवास पर गए थे, उन्होंने मध्य प्रदेश के चित्रकूट क्षेत्र में ग्रामीण न्यायिक व्यवस्था का एक अभिनव प्रयोग देखा था। उस क्षेत्र में लगभग अस्सी गांव हैं, जिनमें पिछले पांच साल से कोई भी मुकदमा नहीं है, कोई भी मुकदमा अदालत में पेश नहीं किया गया है और वह सारा क्षेत्र litigation free बन गया है। मैं माननीय मंत्री महोदय से निवदेन करना चाहता हूँ कि वे स्वयं या अपने अफसरों को वहां भेजें और इसका अध्ययन करवाएं। मेरा निवेदन है कि कलाम साहब ने जिसका उल्लेख किया है, यदि उसको अदालती शक्तियां देकर उनको मान्यता दी जाए तो सस्ता और सुलभ न्याय

दिलाने की संविधान का जो मंतव्य है, उसे पूरा कर सकेंगे। मैं राजस्थान से आता हूँ। राजस्थान में 60 से 70 के दशक के बीच में ग्रामीण स्तर पर सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए न्याय पंचों की स्थापना की गई थी, माननीय मंत्री महोदय के इस बात से तो मैं सहमत हूँ कि ग्राम पंचायत एक executive body है, उनको न्याय नहीं दिया जा सकता है। 60 और 70 के दशक में न्याय पंचायतों की स्थापना की गई थी, वे छोटे-छाटे विवादों का निर्णय कराती थीं, किन्तु अपना निर्णय enforce करने के लिए उनके पास किसी प्रकार की शक्तियां नहीं थीं, इसीलिए वे सफल नहीं हो पाई। फिर भी उन न्याय पंचायतों से ग्रामीणों को बहुत मदद मिली थी। मेरा ऐसा मानना है और निवेदन है कि सशक्त न्याय पंचायत व्यवस्था ही सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध करा सकती है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सभा कीजिए, 20-25 लोगों का एक penal तैयार कीजिए, विवादों को सुनने के लिए न्यायिक बेंचों का गठन कीजिए और इन बेंचों का गठन करते समय जो interested parties हैं, उनको confidence में ले लीजिए। यदि इंग्लैंड जैसे देश में प्रिवी-काउन्सिल व्यवस्था काम कर सकती है, जिसमें कोई विधिवेत्ता नहीं होता। क्या वह judicial authority नहीं है, तो क्या वह भारत देश में नहीं किया जा सकता है। यह विचार क्यों नहीं किया जाना चाहिए। महोदय, आपके माध्यम से मेरा मंत्री महोदय से निवेदन है कि इस व्यवस्था को पुनर्जिवित कीजिए, study कीजिए, एडिशन कीजिए और उनको न्यायिक शक्तियां दीजिए।

महोदय, अब मैं इस विधेयक के कुछ अहम मुद्दों की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। ग्राम न्यायालय, जहां तक संभव हो, पक्षकारों के बीच सुलह करा कर विवादों का समाधान करने का प्रयास करेगा, यह आपने एक्ट में लिखा है। इस प्रयोजन के लिए आप सुलहकारों का उपयोग करेंगे। जब आप सुलहकारों की नियुक्ति की व्यवस्था करने जा रहे हैं, तो क्या यह समीचीन नहीं होगा कि न्यायालय में आने के पहले ही ये सुलहकार इन्हें सुनें और विवादों का समाधान करें। आप अदालत ले जाएंगे और सुलहकार बनाएंगे, यदि सुलहकारों को अदालती शक्तियां प्रदान कर दी जाएं कि उनके द्वारा निर्णीत आदेश और निर्देश को डिग्री समझा जाए, तो मेरा निश्चित रूप से मत है कि इस प्रस्तावित व्यवस्था की आवश्यकता आपको नहीं पड़ेगी, जिसके लिए आप यह विधेयक लाए हैं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र)**: कृपया समाप्त करें।

**श्री ललित किशोर चतुर्वेदी**: महोदय, अगर मैं कोई बिन्दु अलग बोलूंगा, तो आप मुझे मना कर दीजिए। अभी तक मैंने ऐसी कोई बात नहीं कही है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र)**: समय की सीमा है।

**श्री एस.एस. अहलुवालिया**: महोदय, यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र)**: हां, ठीक है, परंतु समय की सीमा है।

**श्री ललित किशोर चतुर्वेदी :** महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से एक बात और पूछना चाहता हूँ कि ग्राम न्यायालय प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट का न्यायालय होगा। इसका क्षेत्राधिकार इससे लेकर मध्यवर्त्ती स्तर पर पंचायतों का समूह होगा, इसका बड़ा आशय है कि पंचायत समितियां ताल्लुका स्तर पर होंगी। अगर हम पांच-पांच पंचायतों का समूह बनाएंगे, तो आपको आज से अधिक, छः गुना मैजिस्ट्रेट नियुक्त करने पड़ेंगे, six times ! यह बात तो ठीक कही, मंत्री महोदय ने अपने प्रस्तावित भाषण में कि यह खर्चा केंद्र सरकार करेगी, maybe. But is it not a burden on the public exchequer? छः गुनी संख्या आप लगाएंगे। एक तालुक में नहीं जा सकता, उसको निश्चित रूप से जाना पड़ेगा, जैसा आपने भी स्वयं कहा। न्यायाधिकारी समय-समय पर ग्राम पंचायत से उत्पन्न मुकदमों की सुनवाई के लिए जाते रहेंगे। यह एक विषय है, जिसके बारे में हम समझते हैं कि यह हो गया, तो आसमान टूट जाएगा, सुविधा मिल जाएगी। न्यायाधिकारी को assist करने के लिए पक्षकार लोगों को अपने वकील भी न्यायाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे। लिटिगेंट किसी तरह से तो अदालत में पहुंच जाता है, तालुक में फीस दे देता है वकील को, वकील ले जाओ, साथ मुंशी जाए, उनके खाने-पीने का प्रबंध करो, उतना खर्चा वहन करो — दिखने में तो बड़ा आसान दिखता है कि हमारी अदालत पहुंच गई doorstep पर, वह काम भी हो जाएगा। सस्ता, सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए मंत्री महोदय ने कहा था कि न्यायालय में आने वाले पक्षकारों का खर्चा हम वहन करेंगे। मैं याद दिलाना चाहता हूं

कि इस विधेयक में ऐसी कोई स्पष्ट व्यवस्था की गई होती, तो बड़ा अच्छा होता, किंतु जो व्यवस्था विधेयक में की गई है, उसमें भी 21(2) में, प्रस्तावित प्रावधानों को मैं शब्दशः quote कर रहा हूं — "उपधारा (1) में किसी बात के होते हुए भी, ग्राम न्यायालय के समक्ष दांडिक कार्यवाही में परिवादी ग्राम न्यायालय की इजाज़त से अपनी पसंद के किसी अधिवक्ता को अभियोजन के मामले को प्रस्तुत करने के लिए अपने खर्चे पर नियुक्त कर सकेगा।" बहुत स्पष्ट है। अधिवक्ता का खर्चा परिवादी को देना होगा। ऐसी स्थिति में सरकारी खर्चे की बात कहां कही जा रही है? कहां है, कौन से कानून में है? उसमें क्या है, वह भी बताना चाहता हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र)**: जल्दी कीजिए।

**श्री ललित किशोर चतुर्वेदी** : अगर मैं एक भी विषय इससे हटकर बोल रहा हूं और अलग भी बोल रहा हूं, तो मुझे आप बताइए।

**उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र)**: आप जल्दी करें, और लोग भी हैं बोलने वाले !

**श्री ललित किशोर चतुर्वेदी** : मैं केवल दो मिनट लूंगा।

**उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र)**: ठीक है, दो मिनट।

**श्री ललित किशोर चतुर्वेदी**: मैं निवेदन करना चाहता हूं, खंड 21(3) में, सवाल है — विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अनुसार न्यायालय में अधिवक्ता की सेवाएं सरकारी खर्च पर आपराधिक मामलों में उपलब्ध करने का प्रावधान पहले ही है। अतः इस विधेयक में कोई व्यवस्था की गई है, कोई नयापन नहीं है।

जहां तक सिविल मामलों का प्रश्न है, अध्याय 5 में एक भी शब्द नहीं कहा गया है जो यह परिलक्षित करता हो कि सिविल मामलों में अदालती व्यय, अधिवक्ता पर होने वाला व्यय सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इस प्रकार के मुकदमे में होने वाले खर्चों की मदद लेगी, ऐसा विधेयक में कोई नया प्रावधान नहीं है। Adjournments लगातार लिए जाते हैं, पक्षकार थक जाए, इसकी योजना पूर्वक व्यवस्था की जाती है। इस योजना से वह उनमें किसी प्रकार का अवरोध होकर खत्म हो जाएगी, ऐसा मुझे नहीं लगता। मैं तो निवेदन करना चाहता हूं कि यह retrograde step है, अपनी न्यायव्यवस्थाओं की व्यवस्था को, ग्रामीण व्यवस्था को पुनर्जीवित कीजिए।

माननीय मंत्री जी ने फास्ट ट्रैक अदालतों की चर्चा की थी। सुनवाई में सुधार आया है। लंबा अरसा नहीं लगता। इन फास्ट ट्रैक अदालतों की तर्ज पर ग्राम न्यायालयों के समक्ष आपने ही कहा कि कार्यवाहियों को विस्तारपूर्वक अभिलेखित करना आवश्यक नहीं होगा। मेरा मानना है कि यदि इसी प्रकार के अधिकार देकर न्यायपालिका का गठन किया जाए, तो गांवों में सस्ता और समय पर सारवान न्याय उपलब्ध होगा। यदि न्यायाधिकारी summary record के आधार पर कार्यवाही कर सकता है, तो क्या कारण है कि न्याय पंचायत ऐसा नहीं कर सकती? और न्यायालय में गांवों के लोग रहते हैं। अदालत में तो साक्ष्य और मामलात को फैब्रिकेट किया जाता है, किंतु ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत बैठेगी, जब गांव के लोग भी बैठेंगे। फैब्रिकेट करना भी आसान नहीं होगा, इस बात को भी माननीय मंत्री महोदय निश्चित रूप से परखें और इसीलिए adjudication जो आगे होता है, वह ऊपर नहीं होगा। अंत में, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं और इस आग्रह के साथ मैं अपनी बात समाप्त करूंगा कि आप कृपया इस विधयेक को वापस लें और वास्तव में ग्रामीण स्तर पर सस्ता, सुलभ, सर्वांग और सर्वमान्य न्याय दिलाने के लिए एक सक्षम व्यवस्था का निर्माण करने के लिए ऐसी दिशा में चिंतन करें जिससे ग्रामीण समाज की समस्याओं का समाधान स्थानीय ग्रामीण समाज के स्तर पर स्थानीय ग्रामीण समाज के द्वारा किया जा सके। धन्यवाद।

**सुश्री सुशीला तिरिया** (उड़ीसा): धन्यवाद महोदय, जब आप चेयर पर होते हैं तब हमें कुछ बोलने का मौका मिलता है, इसके लिए मैं आपको तहे दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं। महोदय, ग्राम न्यायालय बिल — 2008 लाने के लिए मैं हमारे आदरणीय हैट्रिक लॉ मिनिस्टर को बधाई देती हूं। कल उन्होंने संक्षिप्त भाषण में कहा था कि उनको तीन बार भारतवर्ष के लॉ मिनिस्टर बनने का मौका मिला है इसलिए अब लॉ मंत्री जी अगर हैट्रिक लॉ मिनिस्टर कहलाएंगे तो अच्छा होगा और इसके लिए मैं उन्हें बधाई देना चाहती हूं कि देर से ही सही

लेकिन दुरुस्त तरीके से बहुत सालों के बाद यह ग्राम न्यायालय बिल आया है। बहुत सालों से, हर सेशन में ग्राम न्यायालय बिल लाने के लिए बिज़िनेस में लिस्ट अप होता है लेकिन आ नहीं पाता है। सर, 73 अमेंडमेंट पंचायत राज थ्री-टायर बिल लाने का राजीव गांधी जी का भी सपना था। मुझे याद है, इसी हाउस में दो वोट से वह बिल पास नहीं हो पाया था। आज मैं ग्राम न्यायालय पर भाषण सुन रही थी। सर, देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू जी का कहना था कि, "the last man in the last part of the village gets justice". आज उनके इस सपने को पूरा करने के लिए और महात्मा गांधी जी का जो सपना था कि गांव में लोगों को न्याय मिले — बेसिकली मैं देख रही हूं कि इस बिल में वह प्रावधान है। महोदय, शहर में तो हर किसी के लिए कानून दरवाज़े के सामने है लेकिन गांव में गरीब, आदिवासी महिलाओं के लिए गांव में दरवाजे के सामने तो क्या, बहुत दूर-दूर तक जाने पर भी न्याय नहीं मिल पाता है। सर, मुझे एक सांसद के रूप में लोक सभा और राज्य सभा में काम करने का जो मौका मिला, मैं मध्य प्रदेश के ट्राइबल इलाकों और नॉर्थ ईस्ट के अधिकांश ट्राइबल इलाकों में गयी और वहां पर मैंने देखा, मेरे पूर्व वक्ता और सीपीएम के भाइयों ने भी कहा, वहां पर बहुत सारे गांव ऐसे हैं जहां पर अभी भी कानून क्या चीज़ है, यह भी उनको सही तरह से पता नहीं है। लेकिन आज ग्राम न्यायालय बिल — 2008 के जरिए गांवों तक न्याय पहुंचेगा। महोदय, इस बिल पर चाहे क्रिटिसिज़म हो — सत्ता में बैठे हुए और विपक्ष के माननीय सदस्य अगर कहते हैं कि उसके अंदर कमियां हैं — मैं मानती हूं कि कमियां हैं लेकिन कमियों को अमैंडमेंट के द्वारा बाद में सुधारा जा सकता है लेकिन जो स्टेप है, जो इनकी सोच है और जिस सोच के बाद वे यह बिल लेकर आए हैं, इसे लागू करने की जो इच्छा शक्ति मंत्री जी ने जाहिर की है, उसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। इसके लिए मैं मंत्री जी को, सरकार को और यूपीए की चेयरपरसन श्रीमती सोनिया गांधी जी को बधाई देती हूं। महोदय, इस बिल में यह देखना चाहती थी क्लॉज़ 32 (2) not bound by the provisions of the Civil Procedure Code, 1908 or the provisions of the Evidence Act, 1872 के तहत यह गाइड नहीं होगा, बल्कि प्रिंसिपल ऑफ नेचुरल जस्टिस के तहत यह अपना own procedure और टाइम regulate करेगा, जहां जहां पर मोबाइल कोर्ट की जरूरत होगी। यह बहुत ही अच्छी चीज़ है क्योंकि जनरली ट्राइबल इलाकों में बहुत स्कैटर्ड गांव होते हैं, दूर-दूर तक गांव फैले होते हैं। मैं आज हाउस को यह भी बताना चाहती हूं कि डीलिमिटेशन के बाद ट्राइबल इलाके की पापूलेशन किस तरह से स्कैटर्ड है। कानून तो दूर की बात है, वहां पर पापूलेशन भी धीरे-धीरे घटती जा रही है और डीलिमिटेशन के बाद काफी सारी कॉन्स्टीट्युऐंसीज़ में ट्राइबल डिस्ट्रिक्ट्स में ट्राइबल सीट्स खत्म हो गयी हैं। इसलिए हमें वहां के माहौल के बारे में पता होना चाहिए कि वहां किस तरह से स्कैटर्ड विलेजिज़, स्कैटर्ड गांव और घर हैं जहां पर डिस्ट्रिक्ट तहसील तक जाना उनके लिए संभव नहीं होता है, इसके लिए बहुत खर्चा होता है। इसलिए सुलभ और सस्ता कानून गांवों तक लाना एक बहुत अच्छा कदम है। सर, दूसरे मैं यह कहना चाहूंगी कि इसमें तहसील के नीचे और पंचायत के ऊपर ग्राम न्यायालय की जो कोर्ट है उसमें ये लगेंगे। मैं यह कहना चाहूंगी कि आज के दिनों में भी बहुत सारी जगह में कोर्ट में जजेज नहीं हैं। अभी इस ग्राम न्यायालय के तहत आप पांच हजार कोर्ट गांवों में बनाएंगे और उसके लिए केन्द्र नॉन-रिकरिंग एमाउंट का हंड्रेड परसेंट भार लेगी और जो रिकरिंग फंड से पैसा है वह राज्य के ऊपर रहेगा। सारी जिम्मेदारी के बारे में जैसा कि मेरे पूर्व वक्ताओं ने कहा कि कंसल्टेशन विद दि हाई कोर्ट, जो चीफ जस्टिस के साथ जो न्यायाधिकारी होंगे, उसमें इस तरह की बातें हैं। लेकिन मैं पुरानी चीजों को याद दिलाना चाहूंगी, जहां तक गांवों की बातें हम लोग कर रहे हैं, लेकिन यह प्रोसीजर, यह बिल और ऐक्ट, जिस पर काफी मेंबर्स बोल लिए हैं तथा अभी और बोलेंगे, लेकिन बिल तो बन गया है और अब केवल पास होना है। यह अभी शुरूआत है लेकिन आगे अमेंडमेंट में जो सुधार होगा, वह तब देखा जाएगा। लेकिन सर, मैं इसमें एक चीज के बारे में बोलना चाहूंगी, जो इस बिल के अंदर है और वह इसमें कहीं न कहीं छिपकर है। वह चीज एमिकेबिल सैटिलमेंट की है, जिसमें स्टेंडिंग कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार दस हजार का पनिशमेंट होगा और आई.पी.सी. के तहत उसमें डिसीजन न्यायाधिकारी करेंगे, जो फर्स्ट क्लास रैंक के मजिस्ट्रेट होंगे। लेकिन मैं यह कहना चाहूंगी कि स्टेंडिंग कमेटी पनिशमेंट चाहे तीन साल या दस हजार कोई भी रिकमंड करे और बिल के अंदर एक हजार का फाइन तथा एक साल का जेल या पैनाल्टी कुछ भी उसमें रहे, वह अलग बात है। लेकिन ट्राइबल क्षेत्र के मौलिक मुद्दे पर मैं बोलना चाहूंगी। एक समय ऐसा था जब हम बच्चे थे, कोई भी ट्राइबल इलाके की कोर्ट में केस करने नहीं जाते थे। उधर हर चीज एमिकेबिल सैटलमेंट के तहत होता था और गांव का प्रधान जिसको चौकीदार कहते हैं, वह सब को बुलाता था। एक गांव में पंच बैठता था और पंच के अंदर जो फैसला हो जाता था उसी को सब लोग मानते थे। आज जब हम लोग

कोर्ट कचहरी की बात करने लगे और एक मासूम, इमोशनल, सिम्पल और ओनेस्ट जो किसी तरह की उनमें अच्छाई छिपी है, उस अच्छाई को हम न्यायालय के नाम पर किस तरह खत्म कर देंगे, इस पहलू पर भी हमको देखना बहुत जरूरी है, ताकि इनको पनिश करने और कोर्ट में न्याय दिलाने से ज्यादा मैं सोचती हूं कि उससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह होगा कि एमिकेबिल सैटलमेंट को ज्यादा ध्यान देना चाहिए। यह नहीं कि हम इसमें ज्यादा केसेज रखेंगे तो उससे ज्यादा वाह-वाही लेंगे। हमको यह नहीं सोचना है कि ज्यादा केस क्यों आए। केस को घटाने या कम करने का काम ग्राम न्यायालय के तहत क्यों एक्सेस्पनल रोल के अंदर नहीं रखा जाएगा। ट्राइबल इलाके में बैकवर्ड लोगों के अंदर, एस.सी., एस.टी. की महिलाओं के अंदर केस ज्यादा नहीं हो पाएगा। मैं भाषण के तहत नहीं बोलना चाहती हूं, लेकिन मैं प्रेक्टिकल चीज बोलना चाहती हूं कि जैसा आजकल हर महिला के ऊपर कुछ भी हो जाता है तो उसमें डॉमेस्टिक वॉयलेंस, डॉवरी ह्रासमेंट की बात आती है। लेकिन मैं आपको एक चीज बताना चाहती हूं कि ट्राइबल इलाके में किसी महिला के ऊपर कोई भी इशारा किया, आवाज किया या कोई अंगुली उठाई तो उसमें जो पंच-पांच लोग कहते हैं तथा निर्णय लेते हैं और बुलाकर उसके साथ शादी कर देते थे। डॉवरी ह्रासमेंट का कोई केस नहीं हुआ करता था या डोमेस्टिक वॉयलेंस का भी कोई केस नहीं होता था। इस तरह से एक सामाजिक सोशल जस्टिस की तरह सामाजिक न्याय उनके प्रति हुआ करता था। मैं यह कहती हूं कि इतनी अच्छी ट्रेडिशनल भारतीय संस्कृति है, उसी को ही डवलप करना है, उनको ज्यादा एनहेंस करने की जरूरत है या इस बिल के अंदर कोई न कोई ऐसी चीज रखनी चाहिए, क्योंकि जहां हमारी पौराणिक ट्रेडिशनल चीज है, अच्छाइयां हैं, इससे वह ज्यादा से ज्यादा बाहर भी जा सकती है। सर, इसमें एक और चीज है। लॉ कमीशन की रिपोर्ट के तहत ज्यादा एस.सी., एस.टी. की महिलाओं को इसमें जगह दी जाएगी तथा न्यायाधिकारी के रूप में, नए जजेज के रूप में लिया जाएगा। लेकिन मैं यह कहना चाहूंगी कि रेल विभाग में तथा अन्य डिपार्टमेंट में भी बहुत सारी ऐसी जगहें हैं जहां पर एस.सी., एस.टी. का कॉफी बैकलॉग है। उसी सिम्पल नौकरी में अभी तक भी backlog पूरा नहीं हुआ है। कल को जब न्याय अधिकारी और जजों का backlog निकलेगा, तब आप उस backlog के बारे में क्या करेंगे? इसमें जो SC, ST महिलाओं को ज्यादा मौका देने के लिए प्रावधान है, उनको जस्टिस देने के लिए और amicable को ज्यादा महत्व देने के लिए आप कैसे पूरा करेंगे? सर, जो इसमें punishment की बात है, मैंने पहले भी बताया है, किसी ने कहा है कि इसमें 6 महीने या एक साल की punishment का ड्यूरेशन रहेगा और तीन दिन के अंदर दोनों पार्टियों को जज्मेंट सुनाया जाएगा। मैं एक बात और कहना चाहूंगी कि भारतवर्ष में इतनी सारी चीजें पॉलिटिकल हो गई हैं, गांव के लोग जिस पॉलिटिक्स को भली-भांति नहीं जानते थे, वे भी आजकल पॉलिटिक्स जानने लगे हैं। जैसे फिलिपीन्स में तथा मैक्सिको में मोबाइल कोर्ट्स हैं और उन्हें जस्टिस ऑन व्हील्स कहते हैं, वहां इस किस्म की मोबाइल कोर्ट का भी प्रावधान है। दूसरे कंट्रीज में भी मोबाइल कोर्ट्स हैं, वहां पर भी मोबाइल कोर्ट्स का प्रावधान है। जहां पर दिनदिहाडे सिक्योरिटी के साथ पुलिस की वैन से वोटर मशीन के बॉक्सेज चोरी हो जाते हैं, तो इससे हारने वाला व्यक्ति भी गुंडागर्दी करके जीत जाता है। आप मोबाइल कोर्ट के तहत उस गांव में without any फुलफ्लैज्ड सिक्योरिटी मोबाइल वैन या कोर्ट से, इन गरीब लोगों को जस्टिस दिलाएंगे, यह भी बहुत सोचने की बात है! इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहूंगी कि जैसे इलैक्शन कमीशन ने गांवों में जाकर फोटो आइडेंटेटी कार्ड बनाने शुरू किए हैं और जैसे इलैक्शन कमीशन की जिम्मेदारी गांव में फोटो आईडेंटेटी कार्ड पहुंचाने की है, आप भी इसी तरह का कोई प्रावधान रखिए कि वहां पर फुलफ्लैज्ड मोबाइल वैन हो, जिसमें आप अच्छी तरह से मोबाइल कोर्ट को चालू कर सकते हैं। उसी तरह से उसमें काउंसलिंग का साधन हो, रिकार्ड मैंटेन करने का साधन हो और रिकार्ड खराब होने की संभावना भी न हो।

महोदय, मैं एक बात यह कहना चाहूंगी कि इसमें बहुत से फंड की जरूरत है, जैसे जजों का एपॉइंट करना और बिल्डिंग न हो तो मोबाइल कोर्ट की भी व्यवस्था करना है। अब भारतवर्ष इस दिशा में जागा है, जहां पर अब गांव में पंचायत राज के तहत, कार्य शुरू हुआ है, वहां पर अभी पंचायत की अपनी बिल्डिंग्स नहीं हैं। कहीं-कहीं तो किसी के verandas में पंचायतें चल रही हैं और कहीं पर किसी के घर पर किराया देकर पंचायतें चल रही हैं। जो यह आपका मोबाइल कोर्ट है या ग्राम न्यायालय है, आप इसको क्या पंचायत आफिस में शुरू करेंगे या पंचायत आफिस के ऊपर करेंगे या किसी का घर किराये पर लेकर करेंगे या जैसे खुले में eyes camp लगते हैं, वहां पर करेंगे, इसमें थोड़ी प्रॉब्लम है। मैं एक बात और कहना चाहूंगी कि ग्राम न्यायालय

में awareness होनी चाहिए। गांव में पंचायत के तहत यह होना चाहिए कि यदि आप यह काम करोगे, तो आपको इसका दोषी माना जाएगा। इस तरह की पब्लिसिटी पंचायत में होनी चाहिए कि 107 सैक्शन क्या है, मर्डर केस क्या है, प्रॉपर्टी डिस्प्यूट क्या है, सिविल केस क्या है, प्रॉपर्टी केस क्या है और IPC तथा CRPC के तहत आप यह सब करेंगे, तो आपके लिए इस दंड का विधान होना है। कम से कम इन सैक्शन्स को पढ़कर एक दूसरे के साथ बातचीत करके, जानकारी ले लें कि हम इस गुनाह को न करें, क्योंकि इसके करने से हमें इसका दोषी पाए जाने की संभावना हो सकती है। ग्राम न्यायालय को इस तरह की awareness की भी बहुत जरूरत है। फर्स्ट राउंड में जो पंचायत राज का चुनाव हुआ था, तो उसमें महिलाओं को 33% रिजर्वेशन दिया गया और गांवों में यह चर्चा होने लगी कि महिलाओं के पति पंचायत चला रहे हैं। उसके बाद जब नेक्स्ट राउंड में चुनाव हुआ, तो उस समय यह बोला गया कि महिलाएं अभी सक्षम हो गई हैं। अभी गांव-गांव में यह भी होना चाहिए ग्राम न्यायालय में awareness हो। पहले से ही रेडियो और टेलीविजन में यह आना चाहिए कि ग्राम न्यायालय बिल पास होने के बाद — अभी मेरे भाई श्री शान्ताराम लक्ष्मण नायक ने भी कहा है कि अभी जो forest land बिल पास हुआ है, उसको 6 महीने से भी ज्यादा समय होने को हैं, लेकिन अभी तक उसका रूल ही नहीं बन पाया है। मैं यह कहना चाहूंगी कि आपकी नीयत बहुत साफ है, आपमें इच्छाशक्ति है, इसलिए आप रूल्स को जल्दी से जल्दी फ्रेम करके इसे लागू करने की कृपा करें। इसमें बहुत सारी चीजें हैं, इसलिए रिपीटिडली उन्हीं चीजों को न बोलते हुए सदन का ज्यादा समय नहीं लेना चाहूंगी। एक चीज आखिर में बोलना चाहूंगी कि आप देश में, ग्राम में पंचायत राज सिस्टम के तहत ग्राम न्यायालय बनाइए, गांव के लोगों की भलाई कीजिए, लेकिन देश में एक चीज हो रही है कि रीयूनिफिकेशन ऑफ एमीकेबल सेटलमेंट गांव में बाधा सृष्टि कर सकता है। गांव में देशात्मक जातीयता घटती जा रही है। पहले टेजीविजन पर कानून के साथ-साथ देशात्मक गाने दिखाए जाते थे, लेकिन आज के दिन, जब आप कोर्ट शुरू करने जाएंगे, तो मेरा यह निवेदन है कि देशात्मकता या जातीयता बोध का कोई गाना सुनाकर कार्य शुरू करना चाहिए। मैं यह बताना चाहूंगी कि जब हम लोग बच्चे थे, स्कूल जाते थे तो सबसे पहले *रघुपति राघव राजा राम* की प्रेयर हुआ करती थी, उसके बाद एक क्लास हुआ करती थी कि देश का प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति कौन है। मैं यह भी कहना चाहूंगी कि पिछले बम ब्लास्ट में, जब पूरा देश *ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा याद करो कुर्बानी* वाला लता मंगेशकर का गाना देख रहा था, तो ऐसा लगता था कि यदि देश कि पाकिस्तान के साथ लड़ाई हो जाए तो पूरा भारतवर्ष उसमें कूद जाएगा। आप जब तक यह अहसास, यह देशात्मकता की फीलिंग, जातीयतावाद की नेशनल फीलिंग लोगों के बीच में नहीं डालेंगे, आपस में केवल क्रिमिनल बनाते जाएंगे, उनके लिए कानून बनाते जाएंगे, तब तक कोई फायदा नहीं होगा। मैं यह कहना चाह रही हूं कि बच्चों को एक बार जुवेनाइल में रखने के बाद, आप जितने भी कोर्ट, पनिशमेंट, जुवेनाइल बनाइए, जब इंसान सुधरता नहीं है, वह दुबारा कुछ क्राइम करना चाहता है, तो उसमें मन में इस तरह की भावना पैदा करनी चाहिए कि They are bound to be an amicable settlement. जो ग्राम न्यायालय ज्यादा एमीकेबल सेटलमेंट करता है — आपने बताया है कि उधर ही रिटायरमेंट होनी है, उनकी न तो प्रोमोशन है, न ही उतनी तनख्वाह है, रिटायरमेंट भी उधर ही होनी है, तो मैं यह कहना चाहूंगी कि गांव में जहां-जहां केंद्र सरकार के ऑफिस हैं, वे वहां जाते नहीं हैं, बहुत सारी सीट्स अभी भी खाली पड़ी हुई हैं, आपके न्यायाधिकारी, जो ट्रांसफेरेबल है, जब ट्रांसफर होगा तो गांव में जाने का कष्ट भी करेंगे, यदि आप उधर ही रिटायर कर रहे हैं तो उनके बच्चे गांव में ही पढ़ेंगे, यह चीज हंड्रस परसेंट गलत नहीं है, हमारी इच्छा अच्छी है, इसमें हंड्रड परसेंट कमी दिखाई नहीं दे रही है, क्योंकि आज के दिन में अच्छे-अच्छे लोग, ऑफिसर, जज, सभी अपने बच्चों को अच्छी हेल्थ और अच्छी शिक्षा देने के लिए शहर की तरफ भाग रहे हैं, तो मैं यह कहना चाहूंगी कि उनके लिए भी कुछ न कुछ प्रबंध होना चाहिए। जिसने ज्यादा सेटलमेंट किए हैं, उसके लिए रिवार्ड, अवार्ड और तनख्वाह ज्यादा होनी चाहिए, नहीं तो वह गांव में न्यायाधिकारी बनकर पोस्टिंग क्यों लेगा? क्यों नहीं वह शहर में डिस्ट्रिक्ट सेशन कोर्ट में रहेगा, क्योंकि उनके लिए वहां स्पेशल कुछ भी नहीं है। मैं ज्यादा कुछ न कहते हुए, सबसे पहले हमारी यूपीए चेयरमैन और लॉ मंत्री जी को इस इनिशिएशन के लिए बहुत बधाई और देना चाहूंगी। धन्यवाद।

**श्री नन्द किशोर यादव** (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, आदरणीय कानून मंत्री जी ने जो "ग्राम न्यायालय 2008" विधेयक इस सदन में प्रस्तुत किया है, मैं उसके समर्थन के लिए खड़ा हुआ हूं। आदरणीय

